# ।। निदेशालय पुलिस दूरसंचार (पुलिस मुख्यालय) राजस्थान जयपुर ।।

क्रमांकः—न.5()वि.स. / कानि.भर्ती—2025 / 1874 दिनांकः— 23/12/2025

## —:प्रेस नोट:—

निदेशालय पुलिस दूरसंचार, राजस्थान जयपुर के प्रेस नोट क्रमांक 1868 दिनांक 21.12.2025 द्वारा कॉन्स्टेबल (ऑपरेटर / चालक) भर्ती—2025 का **अस्थाई (Tentative)** परीक्षा परिणाम अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में अर्जित अंको एवं PST/PET परीक्षा के आधार पर उनके द्वारा फॉर्म में भरी गई प्रविष्टियों और जमा कराये गये दस्तावेजों के अनुसार वर्गवार सूची जारी की गई है। **उपरोक्त सूची भर्ती प्रक्रिया के अधीन हैं।**

इसी क्रम में **समस्त अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन, स्वास्थ्य परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन हेतु मूल दस्तावेजों सहित दिनांक 26 / 12 / 2025 से 04 / 01 / 2026 तक पुलिस दूरसंचार लाईन घाटगेट, जयपुर में उपस्थित होने हेतु बुलाया गया है।** अभ्यर्थियों को आवेदित वर्ग के संबंध मे मूल दस्तावेज जमा कराने होगें, जिनका विभाग द्वारा सत्यापन किया जायेगा। मूल दस्तावेज अभ्यर्थी द्वारा आवेदित वर्ग के अनुसार सत्यापित नही पाये जाने की स्थिति मे ऐसे अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा तथा उस वर्ग के अन्य सफल अभ्यर्थी का चयन मेरिट के आधार पर किया जायेगा। **प्रत्येक अभ्यर्थी के वर्गवार सत्यापन, दस्तावेज सत्यापन, स्वास्थ्य परीक्षण, चरित्र सत्यापन एवं वांछित शैक्षणिक योग्यता में सफल पाये जाने पर ही वर्गवार सूची जारी कर अंतिम चयन किया जायेगा।**

**नोटः— यह संज्ञान में आया है कि कुछ लोगो ने अपनी मूल केटेगरी के अलावा अन्य केटेगरी में फॉर्म भरा है। जैसे — OBC के कुछ उम्मीदवार ने MBC केटेगरी में फॉर्म भरा है। मूल दस्तावेजों के सत्यापन के बाद उनकी मूल केटेगरी अंततः तय होगी। मात्र उपरोक्त चयन सूची में नाम आने से उन्हें नियुक्ति नहीं मिलेगी। दस्तावेज जांच उपरांत एवं मेडिकल के बाद ही अंतिम चयन माना जाएगा। अभी मेडिकल एवं दस्तावेज की जांच होनी है।**

**(डॉ0 हेमराज मीना)**
पुलिस अधीक्षक (प्रथम)
पुलिस दूरसंचार राजस्थान
जयपुर।

**प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—**

1. संचित निरीक्षक पुलिस दूरसंचार लाईन, जयपुर को उक्त प्रेस नोट की छायाप्रति संलग्न कर लेख है कि पुलिस दूरसंचार लाईन, जयपुर के नोटिस बोर्ड पर आज ही चस्पा करवाकर पालना से इस कार्यालय को अवगत करावें।
2. सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी पुलिस मुख्यालय, जयपुर को उक्त प्रेस—नोट की छायाप्रति संलग्न कर लेख है कि समस्त प्रादेशिक / स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाकर पालना से इस कार्यालय को अवगत करावें।
3. प्रभारी वेबसाइट, पुलिस मुख्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त परीक्षा परिणाम को राजस्थान पुलिस की विभागीय वेबसाईट www.police.rajasthan.gov.in पर अपलोड कराने का श्रम करें।

पुलिस अधीक्षक (प्रथम)
पुलिस दूरसंचार, राजस्थान
जयपुर।